-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव, विजयदशमी एवं दीपावली के त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ की गई शांति समिति की बैठक।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव, विजयदशमी एवं दीपावली के त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 29.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन सभागार में बांदा दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव एवं उनकी चिन्ताओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उन्हे ससमय दूर करने के लिए आश्वस्त किया गया। बैठक के दौरान त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि इन त्योहारों के दौरान शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही, महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, यातायात प्रबंधन, और एंटी-सोशल तत्वों पर विशेष ध्यान देने की योजना पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, बैठक में सभी समुदायों से आपसी सहयोग की अपील की गई ताकि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके। सभी सदस्यों ने पुलिस के साथ मिलकर कार्य करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहने का संकल्प लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि त्योहारों का आनंद बिना किसी बाधा के लिया जा सके। बांदा पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान दुर्गा पण्डालों के आस-पास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं, इन स्थानों पर पर्याप्त संख्या में महिला आरक्षियों को भी लगाया गया है जिससे महिलाओं को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। बैठक के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट बांदा श्री संदीप केला, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री पंकज सिंह, पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री अमित सेठ (भोलू), दूर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी श्री अभिषेक पाण्डेय, श्री शोभाराम कश्यप, श्रीराम निषाद, सौरभ चौरसिया आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में शांति समिति की बैठक कर त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।